# District Ayurvedic Office, Fatehabad

Near Manav Sewa Samiti Laboratory, Jawahar Chowk, Fatehabad

Contact No. 01667-297611, 7015996550 E-mail : daoftbd.ayush-hry@gov.in


सेवा में,

प्रधानाचार्य,
एम0एम0पी0जी0 कॉलेज, फतेहाबाद।

पत्र क्रमांक – 1267 दिनांकः 07/06/22

विषयः– आठवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन बारे।

उपरोक्त विषय पर माननीय उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24.05.2022 को प्रातः 11:00 बजे हुई बैठक में दिये गए निर्देशानुसार आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2022 को एम0एम0 पी0जी0 कॉलेज, फतेहाबाद में करवाना सुनिश्चित हुआ है। जिसका शैडयूल निम्न प्रकार से है:–

<u>09 जून 2022 से 11 जून 2022 तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रातः 6:00 बजे से 7:30 बजे</u> – जिला तथा विधानसभा क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागो के अधिकारी/कर्मचारी, सरंपच, पंच अन्य निर्वाचित सदस्य पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट, स्काउट कैडेट एंव इच्छुक जन साधारण को प्रशिक्षण सम्बन्धित जिले के योग समितियों के योग शिक्षकों, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पी.टी.आई. डी.पी.आई. खेल विभाग के योग टेनरस, पुलिस विभाग के प्रशिक्षण योग प्रशिक्षक एंव आयुष विभाग के योग विशेषज्ञा द्वारा उपयुक्त स्थान पर दिया जाएगा।

<u>13 जून 2022 से 15 जून 2022 तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रातः 6:00 बजे से 7:30 बजे</u> – जिला स्तर पर माननीय मंत्रीगण, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट, स्काउट कैडेट, नेहरु युवा केन्द्र स्टाफ एंव इच्छुक जन साधारण को प्रशिक्षण सम्बन्धित जिले की योग विशेषज्ञा, योग समितियों के योग शिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

<u>20 जून 2022 को प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे</u> तक सभी जिलों मे उपरोक्त कार्यक्रम की Pilot rehearsal होगी और जिला स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा योगा–मैराथन को आयोजन किया जाएगा जिसमें स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, विश्वविधालय, जन साधारण, योग साधारण, योग संस्थान, पुलिस पर्सनल, एन.सी.सी. कैडेट, एन.एस.एस. नेहरु युवा केन्द्र, स्काउट और गाईडस हिस्सा लेगें। स्कूली बच्चे अपने हाथ में योगा स्लोगन के बैनर/तख्ती लेकर चलेगें। योगा मैराथन आयोजन हेतू मार्ग जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

<u>21 जून समय प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे</u> – अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सभी जिलों मे जिला स्तर तथा विधानसभा क्षेत्र पर किया जाएगा। जिसमे सभी जिला के उपायुक्त एंव जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यक्रम के संयोजक होगें और सम्बन्धित जिले की योग समितियों के जिला प्रभारी सह–संयोजक के रुप में सहयोग देंगे। प्रातः कार्यक्रम के उपरान्त उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी एंव जिला खेलकूद अधिकारी सैमीनार एंव वर्कशाप का आयोजन करेंगें।

अतः आपसे निवेदन है कि आप उक्त शैडयूल अनुसार कार्यक्रम के आयोजन हेतू सहयोग करें एवं अपने सभी स्टाफ, एन.सी.सी. कैडेट, एन.एस.एस. स्काउट और गाईडस एवं अन्य सभी विधार्थियो को उक्त शैडयूल अनुसार कार्यक्रम में भाग लेने बारे निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

Sd/- [signature] 7/6/22
जिला आयुर्वेदिक अधिकारी,
फतेहाबाद।

पृ0 क्रमांक – 1268 दिनांकः 07/06/22

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है:–

1. माननीय उपायुक्त महोदय फतेहाबाद।

Sd/- [signature] 7/6/22
जिला आयुर्वेदिक अधिकारी,
फतेहाबाद।

Scanned with CamScanner